भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 2985
29 मार्च, 2022 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

'एमबीबीएस की सीटों में वृद्धि

2985 श्री विशम्भर प्रसाद निषादः
चौधरी सुखराम सिंह यादवः
श्री राम नाथ ठाकुरः

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत पांच वर्षों में एमबीबीएस की सीटों में की गई वृद्धि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) वर्तमान में देश में प्रतिवर्ष कितने छात्र एमबीबीएस करना चाहते हैं और उनके लिए कितनी सीटे उपलब्ध होती हैं; और

(ग) क्या एमबीबीएस की सीटों में वृद्धि की दर बहुत ही कम है जिसके कारण छात्र विदेशों में पढ़ने के लिए विवश होते हैं?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)

(क): राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, वर्ष 2016-17 से 2021-22 के बीच देश में वर्ष वार उपलब्ध एमबीबीएस सीटों का ब्यौरा निम्नवत है:

वर्ष	**एमबीबीएस सीटों की संख्या**
2016-17	65183
2017-18	67218
2018-19	70012
2019-20	80312
2020-21	83275
2021-22	89875

(ख): राष्ट्रीय परीक्षा एजेसी के अनुसार, नीट (यूजी)-2021 के लिए पंजीकृत अभ्यर्थियों की संख्या 1614777 है और देश में कुल 89875 एमबीबीएस सीटें उपलब्ध हैं।

(ग): देश में एमबीबीएस सीटों की संख्यावर्ष 2013-14 में 51348 सीट थी, जो 75% बढ़कर 2021-22 में 89875 हो गई है।

****